तापमान

अधिकतम 29.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, मंगलवार 29 जुलाई 2025

[ बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर ]



12 हड़ताल में जाने से तहसीलों में कामकाज ठप





13 बच्चों संग खेला टेबल टेनिस, जाना हाल





2011 से संचालित

शंकराचार्य

स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई

B.Sc. NURSING & M.Sc. NURSING

प्रवेश के लिए संपर्क करें

मो.: 83193 47482

81030 45003

Website : ssscn.ac.in


# कर्तव्य की बलिवेदी पर शहीद जवानों ने प्राण न्योछावर किया : कमाण्डेन्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तरिया बटालियन, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल द्वारा 27 जुलाई को वाहिनी मुख्यालय सेडवा कैम्प परिसर में 87वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर हरविंदर सिंह कमाण्डेन्ट 241 बस्तरिया बटालियन द्वारा शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजली अर्पित की गयी। उन्होंने अमर शहीदों जिन्होंने देश की एकता और अखम्डता को अक्षुण्य बनाए रखने के लिए कर्तव्यों के बलिवेदी पर अपने प्राण न्योछावर किए। देश के आन्तरिक सुरक्षा की चुनौतियों को सामना करने के लिए अपने प्राणों की आहूति। दी ऐसे अमर शहीदों के स्मृति में एकजुट होकर अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देने का आहवान किया। कमाण्डेन्ट द्वारा सभी अधिकारियों, जवानों एवं उनके परिवारजनों को शुभकामनाएं दी गयी। विशेष उपलब्धि प्राप्त अधिकारियों एवं कार्मिकों को कमाण्डेन्ट द्वारा महानिदेशक बिस्क एवं प्रशस्ति पत्र से अलंकृत किया गया।

सम्बोधित करते हुए उन्होंने बताया कि केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ने इस लम्बी सेवा यात्रा के दौरान सौंपे गए असंख्य दायित्वों का कुशलता एवं सम्मानपूर्वक निर्वहन करके सभी चुनौतियों का डटकर सामना करते हुए हम अधिक सुदृढ़ हुए हैं। संबोधन के उपरान्त जवानों के बीच मिठाई वितरण किया गया। इसके बाद ⏭ शेष पेज 12 पर

## सेडवा कैम्प परिसर में 87वां स्थापना दिवस मनाया गया





### ये रहे उपस्थित

स्थापना दिवस के अवसर पर संजय कुमार द्वितीय कमान अधिकारी, निरंजन कुमार निराला, उप कमाण्डेन्ट, प्रमोद कुमार सिंह, सहायक कमाण्डेन्ट, अधिनस्थ अधिकारीगण, जवान, महिलाएं एवं बच्चे उपस्थित रहे।

## आयोजन : आकर्षक का केंद्र रहे माड़िया नाच, मद्देड बेंड, डमरू बाजा और नंदी में विराजे शिव पार्वती

# भूतेश्वर महादेव की पालकी यात्रा का दर्शन करने को उमड़े श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

भूतेश्वर महादेव की पालकी यात्रा सोमवार को नगर भ्रमण में निकली श्रद्धालु उनकी एक झलक पाने और दर्शन करने रास्तेभर में लालायित रहे। हर कोई उनके समीप पहुंच पूजा अर्चना करने उत्साहित था। पालकी यात्रा में सबसे आकर्षण का केंद्र रहे माड़िया नाच दल, मद्देड बेंड, डमरू बाजा और नंदी में विराजे शिव पार्वती का रूप धारण की दो छोटे बच्चे। औघड़ दल में शिव-पार्वती और उनके गणों के तांडव नृत्य देख भक्तगण मंत्रमुग्ध हुए। हर कोई औघड़ दल में शिव-पार्वती के तांडव नृत्य को अपने कैमरे में कैद करने की होड़ रही।

■ औघड़ दल में शिव-पार्वती और गणों के तांडव नृत्य देख मंत्रमुग्ध हुए भक्तगण

लगातार चौथे वर्ष भूतेश्वर महादेव के पालकी यात्रा का धार्मिक आयोजन किया जा रहा है। सुबह साढ़े 9 बजे भगवान नारायण का पूजा व अन्न भोग हुआ। ततपश्चात पालकी की प्रतिष्ठा पूजन की गई। प्रतिष्ठा पूजन ⏭ शेष पेज 12 पर



### भक्तजनों को दर्शन देने शहर भगवान भ्रमण में निकले

*पालकी में सवार महादेव का शहर के विभिन्न चौक-चौराहों में अनेक समाज संगठनों और राजनीति दल के प्रतिनिधियों ने पुष्प वर्षा स्वागत के साथ पूजा अर्चना के साथ आरती की। लक्ष्मीनारायण मंदिर से निकली भगवान भूतेश्वर महादेव की पालकी देर शाम वापस मंदिर पहुंची। भूतेश्वर महादेव की पालकी वापस लक्ष्मीनारायण मंदिर पहुंचने पर पूजा अर्चना और महाआरती और प्रसाद वितरण कर पालकी यात्रा सपन्न हुई। पूरे पालकी यात्रा में पुलिस की चाक चौबंद व्यवस्था थी। यात्रा आरम्भ से वापस मंदिर तक बड़ी संख्या में सुरक्षा अधिकारी व जवान साथ चल रहे थे। भूतेश्वर महादेव के पालकी यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया।*





# सम्लेश्वरी एक्सप्रेस 31 जुलाई तक नहीं चलेगी

## हावड़ा, हीराखण्ड भी 30 तक थमी रहेगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

पूर्वतट रेल जोन के रायगड़ा रेल मंडल अंतर्गत किरंदुल कोत्तावलसा रेललाइन (केके) के कोरापुट रेलखंड में लगातार हो रही बारिश के चलते दुबारा भूस्खलन की घटना की संभावना के मद्देनजर जरती-मल्लीगुड़ा के बीच खतरा अभी भी पूरी तरह से टला नहीं है। 2 जुलाई को मल्लिगुड़ा-जरटी के मध्य हुए भूस्खलन घटना के बाद से केके लाइन में किरन्दुल से कोरापुट के बीच मार्ग को यात्री ट्रेनो के लिए स्थगित रखा गया है। जबकि 5 जुलाई से इसी मार्ग पर मालगाड़ियां धड़ल्ले से दौड़ रही है। बहरहाल विशाखपट्नम रेल मंडल के नए आदेश के बाद किरन्दुल और जगदलपुर से चलने वाली सभी एक्सप्रेस वे एक पैसेंजर गाड़ियों को आगामी 31 जुलाई तक स्थगित किया गया है। इस दौरान किरन्दुल से जैपुर के मध्य स्पेशल पेसेंजर का परिचालन किया जा रहा है। जबकि सम्लेश्वरी, राउरकेला, हीराखण्ड और नाईट एक्सप्रेस प्रतिदिन कोरापुट से संचालित की जा रही है। मंडल मुख्यालय से रविवार को ⏭ शेष पेज 12 पर

■ विशाखापटनम नाइट एक्सप्रेस एवं पैसेंजर 30 तक राउरकेला 31 जुलाई तक स्थगित

### कोरापुट से गाड़ियां हो रहीं संचालित

*घटना के बाद से ही ये सभी गाड़ियां जगदलपुर से 116 किलोमीटर दूर ओडिशा के कोरापुट से संचालित की जा रही हैं। विदित हो कि दो जुलाई को जरती-मल्लीगुड़ा के बीच भूस्खलन की घटना से रेलमार्ग मलबे में दब गई थी। रेलमार्ग के साथ ही ओएचई (विद्युत लाइन) को काफी नुकसान हुआ था। घटना के तीन दिन बाद लाइन बहाल कर ली गई थी और छह जुलाई से मामलगाड़ियों का परिचालन भी धीमी गति में प्रारंभ कर दिया।*

## खबर संक्षेप

### प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा अगस्त में

**जगदलपुर।** जिला रोजगार एवं मार्गदर्शन केन्द्र द्वारा निजी क्षेत्र के रिक्त पदों हेतु प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 4 अगस्त को संभावित है। ऐसे इच्छुक नियोजक रिक्त पदों की पूर्ति प्लेसमेंट कैम्प के माध्यम से करना चाहते हैं, वे जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र आड़ावाल से जानकारी ले सकते हैं।

### प्री. इंजीनियरिंग एवं मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी के लिए आवेदन

**जगदलपुर।** आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा जिले के अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति वर्ग के कक्षा 12वीं उत्तीर्ण 100 अभ्यर्थी 64 अनुसूचित जनजाति, 36 अनुसूचित जाति जो ड्राप लेकर इंजीनियरिंग एवं मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी करना चाहते हैं, ऐसे इच्छुक अभ्यार्थियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया है। आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 11 अगस्त तक, आवेदन जिले के सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कार्यालय कलेक्ट्रेट परिसर में उक्त तिथि तक जमा कर सकते हैं।

### फाइल पैड का निर्माण कर समूह हो रहे सशक्त



**जगदलपुर।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के तहत बस्तर जिले के तोकापाल विकासखंड स्थित कोंडालुर की गंगा महिला स्व सहायता समूह की पांच सदस्य फाइल पैड निर्माण के कार्य में जुटकर आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं। यह समूह पूर्व में भी फाइल पैड का निर्माण कर विभिन्न शासकीय विभागों को उनकी मांग के अनुसार आपूर्ति कर रही थी।

### दावा आपत्ति का किया गया निराकरण

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य आजीविका संवर्धन समिति बिहान के अंतर्गत जिले में विकासखंड परियोजना प्रबंधक, क्षेत्रीय समन्वयक, लेखपाल, लेखा सह एमआईएस सहायक और के पदों पर की जा रही भर्ती हेतु दावा आपत्ति मंगाई गई थी। दावा आपत्ति में प्राप्त आवेदनों का निराकरण चयन समिति द्वारा किया गया है, जिसका अवलोकन जिला पंचायत कार्यालय के सूचना पटल के साथ ही जिले की अधिकृत वेबसाइट पर भी किया जा सकता है।

# मजदूर से भी कम मिलती है रसोईया को रोजी



हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा

मांगों को लेकर धरना में बैठे रसोईया संघ को आज समर्थन देने जनता कांग्रेस के जिलाध्यक्ष पी प्रसाद राजू धरना स्थल पर पहुंचे। रसोईया संघ को अपना पूर्ण समर्थन देते हुए कहा कि समान विकास के साथ बढ़ने का अधिकार सभी को है। शासन प्रशासन रसोई संघ के मांगों को गंभीरता से लें और इसका निराकरण करें।


■ रसोईया संघ के धरना को जनता कांग्रेस का मिला समर्थन

ज्ञात हो कि 25 - 30 वर्षों से लगातार काम करने के बाद भी मध्यान्ह भोजन तैयार करने वालों को प्रति दिन 60 रु. कुछ पैसों की दर से रोजी दी जाती है। इस तरह मुश्किल से महीने में 2000 तक का भुगतान उन्हें मिलता है। ऐसे में मध्यान्ह भोजन तैयार करने वाले अपने घर जिम्मेदारी के साथ कैसे जिंदगी जी रहे है यह सोचा जा सकता है। दूसरी तरफ मनरेगा में काम करने वालों को रोजी 243 रु दिया जाता है। अगर शिक्षकों की बात हो कहे तो उनका 60 से70 हजार रु.मासिक वेतन है। परंतु मध्यान्ह भोजन तैयार करने वालों की सुध लेने वाला कोई नहीं है। आज भी महंगाई के इस दौर में 2000 तक महीने भुगतान में वे अपना गुजारा करने मजबूर है।

# शहीदी सप्ताह के पहले दिन नक्सलियों ने लगाए बैनर-पोस्टर



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



नक्सलियों के शहीदी सप्ताह का पहला दिन बैनर व पोस्टर लगाने तक सीमित रहा। नक्सलियों ने अंदरूनी इलाकों में बैनर पोस्टर लगाकर 28 जुलाई से 3 अगस्त तक शहीदी सप्ताह को भव्य रूप से मनाने का आव्हान किया है। नक्सलियों के शहीदी सप्ताह को देखते हुए सुरक्षाबलों द्वारा लगातार सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। सर्चिंग के दौरान नक्सली बैनर पोस्टर जब्त कर कुछ स्थानों पर नक्सलियों के स्मॉरक को भी जवानों द्वारा ध्वस्त किया गया। नक्सलियों ने एक ओर जहां बैनर लगाकर 3 अगस्त तक ⏭ शेष पेज 12 पर

कारगिल विजय दिवस गर्व के पर्व के रूप में मनाया गया

# देशभक्ति रचनाएं प्रस्तुत कर कवियों ने शहीदों को किया याद

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

पुकार फाउंडेशन ने 26 जुलाई की शाम दसराहा पसरा में कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में वीर जवानों को याद करते हुए कवि सम्मेलन गर्व का पर्व का आयोजन किया। जिसमें राष्ट्रीय कवि संगम के कवियों ने देशभक्ति कविताओं का पाठ किया।

कार्यक्रम में स्थानीय और बाहर से आये हुए रचनाकारों ने अपनी प्रस्तुति दी। 4 घंटे के इस शानदार कार्यक्रम में उपस्थित रचनाकारों में राष्ट्रीय कवि संगम के संयोजक और प्रदेश मंत्री भरत कुमार गंगादित्य, ऋषि शर्मा ,अवध किशोर शर्मा, विपिन बिहारी दस,रामेश्वर प्रसाद चंद्रा,शिरीष कुमार टिकरिहा, अनिल शुक्ला, चमेली नेताम, कृष्ण शरण पटेल, ओम प्रकाश ध्रुव, सुशील साहू, महेन्द्र सिंह ठाकुर , हितप्रीता ठाकुर तथा सुश्री निधि राव शामिल रहे। कार्यक्रम की शुरूआत दीपप्रज्जवलन ⏭ शेष पेज 12 पर



### प्रशस्तिपत्र देकर किया सम्मानित

कार्यक्रम के समापन पर पुकार फाउंडेशन के अध्यक्ष जैनेन्द्र सिंह ,उपाध्यक्ष रुखसार बानो,सचिव बसंत प्रसाद मिश्रा,कोषाध्यक्ष छत्रपति शर्मा के साथ सदस्य गणों में नवल मांझी,अमर पांडे, चित्तरंजन सिंह ठाकुर, कु. दिव्या बघेल,कु. वर्षा सिन्हा, कु. सुजाता गोलापी, के साथ अन्य सदस्यों ने सहित्यकारों का पुष्पमाला और प्रशस्तिपत्र से सम्मानित किया।

## दिनभर में 25 से 30 मालगाड़ी और यात्री ट्रेनें गुजरती है

# लामनी रेलवे क्रासिंग बना आमजन व चालकों के लिए मुसीबत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

संभाग मुख्यालय से सटे लामनी रेलवे क्रॉसिंग से प्रतिदिन 25 से 30 मालगाड़ी एवं आधा दर्जन यात्री ट्रेनें गुजरती है। ओवरब्रिज नहीं होने से आमजनों और दुपहिया,चारपहिया वाहन चालकों को मुसीबतों का सामना करना पड़ता है। कारण एक मालगाड़ी रेलवे क्रासिंग से गुजरने के दौरान लगभग 15 से 30 मिनिट तक रेलवे फाटक बंद कर दिया जाता है। जिससे रेलवे फाटक के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग जाती है। वही कुछेक समय मालगाड़ी रेलवे फाटक के बीचों-बीच आधा घण्टे खड़ी होने से दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लगी रहती है। यह समस्या कोई एक दिनों का नही बल्कि हर दिन लोगो को इन समस्याओं से गुजरना पड़ता है। गत दिनों लामनी रेलवे क्रासिंग में मालगाड़ी लगभग 30 से 45 मिनट खड़ी रही। इस अवधि तक रेलवे फाटक बंद रहा,जिससे आमजनों और दुपहिया,चार पहिया वाहनो की आवाजाही पूरी तरह ठप हो गई। भीषण जाम में फंसे एक वाहन चालक ने ⏭ शेष पेज 12 पर

■ दोनों तरफ अनेक गाड़ियां आधा घण्टे कतार में रहती हैं खड़ी



### रेलवे फाटक बंद होने से एम्बुलेंस खड़ी हो जाती है

स्थानीय लोगों का कहना है कि यह कोई पहली बार नहीं है। कई बार इसी क्रॉसिंग पर एंबुलेंस तक फंस चुकी है। ऐसे में मरीज की जान पर बन आती है।

### रेलवे मैनेजर ने अनिभिज्ञता जतायी

जब इस मामले पर स्थानीय स्टेशन मैनेजर से सवाल किया गया तो उन्होंने अनभिज्ञता जताते हुए कहा,हमें इसकी जानकारी नहीं है। कुछ ही देर बाद फाटक खोला गया और धीरे-धीरे जाम की स्थिति सामान्य हुई।





BR BALAJI LLP : BIJAPUR , DANTEWADA , JAGDALPUR, SUKMA

8448989091, 8448989093

**खबर संक्षेप**

## रसोईया संघ की हड़ताल आज से

**नगरी।** छत्तीसगढ़ स्कूल मध्यान्ह भोजन रसोईया संयुक्त संघ के आह्वान पर 3 सूत्रीय मांगों को लेकर 28 से 30 जुलाई तक गांधी मैदान धमतरी में बाइक रैली व धरना प्रदर्शन काआयोजन किया गया है जिसमें नगरी, कुरूद, मगरलोड, धमतरी के सभी रसोईये शामिल होंगे। चुनावी घोषणापत्र में 50 प्रतिशत मानदेय देने, अंशकालीन को पूर्णकालीन करते हुए रसोईयों को कलेक्टर दर पर मानदेय देने, स्कूल से छात्र-छात्राओं की दर्ज संख्या कम होने पर रसोईयों को काम से निकालना बंद करें।

## मोबाइल रिपेयरिंग प्रशिक्षण आज से

**धमतरी।** बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान धमतरी में 30 दिवसीय मोबाइल रिपेयरिंग एवं सर्विसिंग प्रशिक्षण 28 जुलाई से शुरू हो रहा है। इसके लिए जिले के ऐसे ग्रामीण युवा, जिनकी आयु 18 से 45 वर्ष के बीच हो और वे स्वरोजगार के इच्छुक हैं, से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। निदेशक, बड़ौदा आरसेटी ने बताया कि पूरी तरह निःशुल्क और आवासीय सुविधायुक्त इस प्रशिक्षण के लिए 35 सीटें आरक्षित हैं। प्रशिक्षण के दौरान मोबाइल सॉफ्टवेयर एवं हार्डवेयर की तकनीकी जानकारी दी जाएगी।

## कूप कटाई की राशि दिलाने की मांग

**कुकरेल(धमतरी)।** वन विभाग में कूप कटाई का कार्य प्रति वर्ष किया जाता है। इसी तारतम्य में धमतरी वन मंडल के केरेगाव के कूप नंबर 07 के कक्ष क्रमांक 177 में ग्राम सलोनी लीलर तथा भंवरमरा के दर्जनों महिला व पुरूष मजदूरों ने गर्मी के दिनों में लकड़ी की कटाई की थी। लेकिन कई महीने बीत जाने के बाद भी मजदूरी नहीं मिल पाई है। मजदूरों का कहना है कि क्षेत्रीय अधिकारी फोन नहीं उठाते हैं। मजदूरों ने अब जनदर्शन का सहारा लेने की बात कही है। मजदूर संघ के मनक निषाद, कैलाश कुंजाम, मानसिंग, लोमन, कुलेश, सोमन, राही कुंजाम, अशोक पडौटी, लक्ष्मी नागेश, सतरूपा, अहिल्या, भूपेन्द्र, संजू, खोमलाल, लीलू, रामचंद, अरविंद ने वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों से कूप कटाई की राशि तत्काल दिलाने की मांग की है।

## घायल मजदूर की महीने भर बाद मौत

**धमतरी।** राइस मिल में चावल की छल्ली धंसने से नीचे दबकर गंभीर रूप से घायल मजदूर की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार स्थानीय आमापारा बनियातालाब निवासी रामेश्वर यादव पिता अंजीर उम्र 60 वर्ष हमाली का काम करता था। बीते माह 26 जून को रामेश्वर तीन साथी मजदूरों के साथ ग्राम हरफतराई स्थित राइस मिल में चावल की बोरियों को ऊपर चढ़ाने का काम कर रहा था। इसी दौरान चावल की छल्ली धंस गई जिससे चावल की बोरियां रामेश्वर सहित अन्य मजदूरों पर गिर गई। घटना में घायल रामेश्वर सहित अन्य मजदूरों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। जहां से रिफर करने पर घायल मजदूर को रायपुर के अग्रवाल अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां से घायल को वापस धमतरी लाकर नंदा अस्पताल में भर्ती किया गया। 14 जुलाई को घायल को जिला अस्पताल में एडमिट किया गया था।

# मुख्य मार्ग पर गलत तरीके से खड़े 18 वाहनों पर कार्रवाई

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर**

जिले में सड़क दुर्घटना में कमी लाने एवं जिले में सुगम एवं सुरक्षित सड़क बनाने हेतु हर संभव प्रयास किया जा रहा है, यातायात नियमों का पालन नही कर नो पार्किंग में मालवाहक ट्रक और हाईवा वाहन चालक द्वारा प्रतिबंधित मार्ग पर वाहन गलत तरीके से खड़ा करने पर यातायात पुलिस द्वारा कुल 18 वाहन चालकों पर चालानी कार्रवाई कर समझाइश दी गई। जिले में सड़क दुर्घटना में कमी लाने एवं यातायात नियमों का पालन करने, यातायात पुलिस द्वारा समझाईश एवं प्रर्वतन कार्रवाई की जा रही है। यातायात प्रभारी द्वारा सड़क दुर्घटना में कमी लाने एवं यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले वाहन चालकों पर, बिना हेलमेट वाहन चलाने वाले कुल 22 वाहन चालक, बिना सीट बेल्ट कुल 23 वाहन चालक, एवं शराब सेवन कर वाहन चलाने वाले 3 वाहन चालक पर कार्यवाही किया गया है। यातायात पुलिस नारायणपुर के द्वारा आम नागरिकों को यातायात नियमों के बारे में बताते हुये यातायात नियमों का पालन करने अपील किया गया है। पुलिस अधीक्षक रॉबिन्सन गुड़िया के निर्देशानुसार एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुशील नायक के मार्गदर्शन में यातायात प्रभारी रक्षित निरीक्षक मोहसिन खान के हम स्टॉप के द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले के खिलाफ नारायणपुर यातायात पुलिस का अभियान जोरों पर है।

### यातायात नियमों का पालन करें, सुरक्षित रहें : एसपी

**ट्रक व हाईवा से वसूला गया जुर्माना**



### वाहन चलाते समय हेलमेट व सीट बेल्ट का उपयोग करें: एसपी

पुलिस अधीक्षक जिला नारायणपुर रॉबिन्सन गुड़िया ने जिलेवासियों से अपील की है कि कृपया वाहन चलाते समय हेलमेट एवं सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करें। शराब सेवन करन वाहन न चलाएं यातायात नियमों का पालन करके आप स्वयं और दूसरों की जान बचा सकते है। पुलिस का उद्देश्य सिर्फ चालान करना नहीं बल्कि जनजीवन की रक्षा करना है।

**प्रदर्शन : तहसीलदार और नायब तहसीलदार का 3 दिन का आंदोलन शुरू**

# हड़ताल में जाने से तहसीलों में कामकाज ठप

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर**



17 सूत्रीय मांगों को लेकर जिले में कनिष्ठ सेवा संघ के अधिकारीयों ने स्थानीय कृषि उपज मंडी परिसर में आंदोलन शुरू कर विरोध दर्ज कराया। 28 जुलाई से 30 जुलाई तक 3 दिवसीय आंदोलन आज से सभी तहसीलदार और नायब तहसीलदार ने शुरू कर हड़ताल में चले गए हैं। जिसके चलते तहसील कार्यालयों मे कामकाज ठप हो गया है। जिले के तहसीलदार- नायब तहसीलदारों ने प्रशासनिक उपेक्षा के खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया। जगदलपुर के तहसीलदार रुपेश मरकाम ने हरिभूमि से चर्चा में कहा कि लंबे समय से कार्यालयों में मूलभूत संसाधनों की भारी कमी है। न तो पर्याप्त स्टाफ है, न तकनीकी सुविधाएं और न ही अधिकारियों की सुरक्षा के लिए कोई व्यवस्था है। सरकारी वाहन तक नहीं होने से हमें इंधन भरवाकर हमें अपने वाहन से काम करना पड़ रहा है।

■ 17 सूत्रीय मांग को लेकर कर रहे हड़ताल

### संसाधन नहीं तो काम नहीं सहित 17 मांगें

*तहसीलदार रुपेश मरकाम ने बताया कि पूरे प्रदेश के कनिष्ठ सेवा के अधिकारी आज से 30 तारीख तक 17 सूत्री मांगों को लेकर हड़ताल में है। उन्होंने कहा कि संसाधन नहीं तो काम नहीं के तहत 17 बिंदुओं पर हमारी मांग है। उन्होंने कहा कि लोकहित में सरकार कार्य करती है जिसके तहत लोक सेवा गारंटी भी आता है।*

ऐसी स्थिति कई जगह है। इस हड़ताल का सीधा असर आम नागरिकों पर पड़ा है। तहसीलों में रजिस्ट्री, नामांतरण, सीमांकन, कोर्ट प्रकरणों की सुनवाई, नक्शा प्रतियां, आय,जाति,निवास प्रमाण पत्र जैसी महत्वपूर्ण सेवाएं ठप हो गई हैं। लोग तहसील कार्यालय पहुंच तो रहे हैं, लेकिन कामकाज बंद होने से उन्हें निराश लौटना पड़ रहा है।

लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत जो सेवाएं प्रदान की जानी है उसे प्रदान करने के लिए हमारे पास पर्याप्त संसाधन नहीं है। यहां तक की कंप्यूटर जैसे संसाधन भी नहीं है, इसलिए लोक सेवा गारंटी के कार्यों को करने में असमर्थ हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार से मांग है कि पर्याप्त संसाधन मुहैया कराया जाए। अन्य मांगों का उल्लेख करते हुए कहा कि पहले डिप्टी कलेक्टर की पोस्ट पर 50-50 का अनुपात था परंतु अब शासन ने उसे 60 -40 कर दिया है। मांग है कि पहले जैसे ही व्यवस्था लागू की जाए। नायब तहसीलदार को राज पत्रित अधिकारी घोषित किया जाए। उन्होंने कहा कि वेतन का सेटअप भी कार्यपालिक दंडाधिकारी के अनुरूप किया जाए। धरना स्थल पर बस्तर जिले के तहसीलों के तहसीलदार और नायब तहसीलदार मौजूद रहें।

# शिक्षा का स्तर सुधारने में सबकी भागीदारी जरूरी : कश्यप



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहंडीगुड़ा**

लोहण्डीगुड़ा विकास खण्ड के ग्राम गढ़िया सरपंच भरत कश्यप ने पंचायत के सभी स्कूलों का भ्रमण कर वहां चल रहे अध्ययन-अध्यापन कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्कूलों में बच्चों की स्थिति और उनकी समस्याओं के साथ शाला भवनों का हाल जाना। वे बच्चों से मिले उनका हौसला बढ़ाया और शिक्षकों से मुलाकात कर उनका हाल-चाल भी पूछा। उन्होंने कहा कि गांव में शिक्षा के स्तर को लेकर हम सभी को मिलजुल कर कार्य करना जरूरी है। सरपंच भरत कश्यप ने कहा शिक्षक भविष्य के निर्माता है। शिक्षा की अवधि महत्वपूर्ण होता है। हमारे ग्राम पंचायत के बच्चे उत्साही और संघर्षशील है। इस अवसर पर उपसरपंच संतू कश्यप, सचिव डमरू नेताम, चेतन ग्वाल सहित अन्य सदस्य साथ थे।

■ गढ़िया पंचायत की शालाओं में पहुंचकर सरपंच ने जाना हाल

## सावन सोमवार को शिवालयों में भक्तों ने किया रुद्राभिषेक...



**फरसगांव।** सावन का तीसरे सोमवार को 28 जुलाई को क्षेत्र के विभिन्न शिवालयों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। नगर के सामुदायिक भवन के पास, तालाब के पास, बिजली ऑफिस स्थित शिव मंदिर और भैरव बाबा शिव मंदिर समेत आस पास के अनेक छोटे बड़े शिवालयों में सुबह से देर शाम तक भक्तों का तांता लगा रहा। श्रद्धालुओ ने भगवान शिव की पूजा-अर्चना कर शिवलिंग पर बेलपत्र, फूल, फल और शहद चढ़ाकर जलाभिषेक किया। श्रद्धालुओं ने अपने परिवार की सुख-शांति और समृद्धि की कामना भी की।

# नाबालिग का अपहरण कर अनाचार, आरोपी गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव**



थाना पुलिस ने नाबालिग का अपहरण कर उससे दुष्कर्म करने के बाद जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया वही सह आरोपी बालक को निरुद्ध किया है।

प्रार्थिया ने फरसगांव थाना आकर लिखित आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज करायी कि 17 फरवरी को प्रार्थिया शादी घर में थी। रात्रि लगभग 9 बजे नाबालिग बालक द्वारा प्रार्थिया को दबाव डाल कर शादी घर से बाहर ले गया। वहाँ पर पहले से ही मोटर सायकल लेकर गुडेश्वर मरकाम खड़ा था। दोनों लोग एक साथ स्कूल में ही पढ़ते थे। दोनों को अच्छे जानते पहचानते थे। चल बात करना है कहकर नाबालिग और गुडेश्वर प्रार्थिया को जबरन मोटर सायकल में बैठाकर बालक के घर के पीछे खेत में बने लाड़ी में ले गये।नाबालिग बालक गाड़ी लेकर वापस आ गया। गुडेश्वर मरकाम प्रार्थिया को नाबालिग जानते हुये धमकी देकर जबरदस्ती प्रार्थिया के मर्जी के बिना शारीरिक संबंध बना कर अनाचार किया। घटना के बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। प्रार्थिया के रिपोर्ट पर थाना फरसगांव में अपराध कमांक 100/2025 धारा 137(2), 65 (1), 351(3), 3(5) बीएनएस, पॉक्सो एक्ट की धारा 4 कायम कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता एवं संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव येदुवल्ली अक्षय कुमार के निर्देश पर थाना प्रभारी संजय सिंन्दे के नेतृत्व में विवेचना के दौरान आरोपी गुडेश्वर मरकाम पिता बेसावराम मरकाम उम्र 20 वर्ष निवासी बेसवापारा गारे (रांधना) व घटना में शामिल बालक को 28 जुलाई को विधिवत गिरफ्तार व निरूद्ध कर घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल को जब्त कर वैधानिक कार्रवाई किया गया है।

उक्त कार्रवाई में निरीक्षक संजय सिन्दे थाना प्रभारी फरसगांव, निरीक्षक राजकुमारी पाण्डेय रक्षित केन्द्र कोण्डागांव, सउनि सुरेन्द्र बघेल, पिताम्बर कठार, आरक्षक अजय मरकाम, नारायण सार्दुल, महिला आरक्षक सरस्वती यादव की उल्लेखनीय भूमिका रही।

■ घटना में शामिल बालक को भी किया निरूद्ध

## पीएमएफएमई योजना पर कार्यशाला, उद्योग स्थापना पर मिला मार्गदर्शन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव**



प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के अंतर्गत एक दिवसीय जागरूकता कार्यशाला का आयोजन जनपद पंचायत कोण्डागांव के सभाकक्ष में किया गया। कार्यशाला के दौरान खाद्य उत्पादों के निर्माण की संभावनाओं पर चर्चा की गई। जिले में उद्योग स्थापना के लिए उपस्थित हितग्राहियों को आवश्यक जानकारी व मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कार्यशाला में नगर के महिला स्व सहायता समूहों के प्रतिनिधियों एवं पीएमएफएमई योजना के तहत लाभ प्राप्त कर चुके हितग्राहियों की सहभागिता रही।

**ये रहे उपस्थित :** इस अवसर पर कोण्डागांव ब्लॉक के डीआरपी अक्षत श्रीवास्तव एवं राजेन्द्र कुमार नेताम, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र से श्रीमती कुसुमलता नेताम प्रबंधक व श्रीमती नम्रता एल्मा सहायक प्रबंधक, लीड बैंक अधिकारी अशोक मिंज, अंत्यव्यवसायी विभाग के सीईओ घनश्यम ब्रम्हे, परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज से कुलेश्वर वर्मा एवं जनपद पंचायत डीपीएम अखिलेश सलाम उपस्थित रहे।

**संकुल समन्वयक स्कूल खुलने से बंद होने तक रहे मौजूद**

# माकड़ी विकासखंड में शालाओं का औचक निरीक्षण

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव**



विकासखंड माकड़ी की सभी शालाओं का आज औचक निरीक्षण किया गया। यह निरीक्षण विकासखंड शिक्षा अधिकारी सुखराम देवांगन और खण्ड स्त्रोत समन्वयक ताहिर खान व बीआरपी भेदराम मानकर के मार्गदर्शन में समस्त संकुल समन्वयकों द्वारा किया गया। संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग बस्तर, राजेश पाण्डेय और जिला शिक्षा अधिकारी कोण्डागांव, भारती प्रधान के निर्देशानुसार निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के लिए 12 संकुलों को तीन जोन में विभाजित किया गया था। जिसमें प्रत्येक जोन में एक निरीक्षण प्रभारी नियुक्त किया गया। समस्त संकुल समन्वयकों को चार-चार स्कूल आवंटित किए गए थे। सभी संकुल समन्वयक स्कूल खुलने के समय से बंद होने तक विद्यालयों में उपस्थित रहे। निरीक्षण के साथ-साथ अध्यापन कार्य भी किया। निरीक्षण दल का मुख्य उद्देश्य शिक्षा में गुणवत्ता लाना था। इस दौरान समस्त शिक्षकों को शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। निरीक्षणकर्ताओं ने शाला समय पर स्कूल पहुंचकर बच्चों से प्रार्थना करवाई और विस्तृत जांच की, जिसमें निम्नलिखित बिंदुओं पर ध्यान दिया गया। शाला की साफ-सफाई, पाठ्यपुस्तक वितरण की स्थिति, मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता, शिक्षक उपस्थिति, शिक्षक दैनिक उपस्थिति पंजी और अन्य आवश्यक पंजियों का संधारण व नियमित इंद्राज। निरीक्षण के दौरान शालाओं की जानकारी और शालेय कर्तव्य पर अनुपस्थित शिक्षकों की जानकारी निरीक्षण प्रपत्र में भरकर विकासखंड शिक्षा अधिकारी को सौंपी गई।

## पेज 11 के शेष

### कर्तव्य की बलिवेदी ...

वालीबाल मैच का आयोजन किया गया एवं विजेता टीम को पुरस्कृत किया गया। खेलो इंडिया योजना के फिट इंडिया पहल के तहत योशालूर से तोकापाल तक साइकिल रैली का आयोजन किया गया। जिसमें बटालियन के साथ स्थानीय पुलिस के जवानों ने भाग लिया।

### भूतेश्वर महादेव ...

पश्चात स्वयं नारायण पालकी लेकर भूतेश्वर महादेव मंदिर पहुंचे। जहां भूतेश्वर महादेव और नारायण का मिलन हुआ। जिसे हरिहर भेंट कहा जाता है। भगवान नारायण के प्रतिनिधि के रूप में लक्ष्मीनारायण मंदिर के प्रधान पुजारी पंडित किशोर तिवारी शिवजी की पूजा और आरती कर भोग लगाया। पंडित तिवारी भगवान भूतेश्वर महादेव को पालकी में सवारी करने आमंत्रित किया। जिसके बाद भूतेश्वर महादेव की पालकी में सवार नगर भृमण के लिए निकले। पालकी में विराजे भगवान भूतेश्वर की पूजा अर्चना करने विधायक एवं भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण देवसिंह, महापौर संजय पांडे, निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, एमआईसी सदस्यो में सुरेश गुप्ता, निर्मल पाणिग्राही, लक्ष्मण झा, संजय विश्वकर्मा समेत समाज सेवी अनिल लुंक्कड़, विहीप के जिलाध्यक्ष शंकर गुप्ता मंदिर पहुंच पालकी यात्रा में सम्मलित हुए। इस दौरान विधायक और महापौर समेत निगम एमआईसी सदस्यगणों ने पालकी को अपने कंधे में उठाते चल रहे थे।

### सम्लेश्वरी एक्सप्रेस....

जारी नए आदेश में जगदलपुर से हावड़ा चलने वाली नियमित सम्लेश्वरी एक्सप्रेस को 31 जुलाई तक स्थगित किया गया है। जबकि पैसेंजर को 30 जुलाई तक,राउरकेला एक्सप्रेस को 31 जुलाई तक, हीराखण्ड एक्सप्रेस को 30 जुलाई तक एवं नाईट एक्सप्रेस को 30 जुलाई तक स्थगित किया गया है। इधर लैंड स्लाइड स्थल पर भारतीय तकनीकी संस्थान भुवनेश्वर और विशेषज्ञ भूवैज्ञानिकों की टीम लगातार इस क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। क्षेत्र में बारिश लगातार हो रही है। ऐसी स्थिति में रेलवे कोरापुट से जगदलपुर-किरंदुल के लिए यात्री ट्रेनों के विस्तार का खतरा मोल नहीं लेगा। ऐसी स्थिति में बस्तर को यात्री ट्रेनों के विस्तार के लिए कुछ दिन और प्रतीक्षा करनी पड़ेगी।

### शहीदी सप्ताह के ....

शहीदी सप्ताह मनाने का आव्हान लोगों से किया है वहीं पोस्टरों में जन आंदोलनों से ऑपरेशन कगार को पराजित करने की बात भी लिखी है। शहीदी सप्ताह के दौरान नक्सलियों ने अपने साथियों को याद कर एक वीडियो भी जारी किया है जिसमें छत्तीसगढ़, तेलंगाना समेत अन्य राज्यों में मारे गए अलग-अलग डिवीजन के नक्सलियों की तस्वीरें हैं। साथ ही गाने के माध्यम से नक्सलियों ने कहा कि शहीद साथियों के लिए हम आंसू नहीं खून बहाएंगे। नक्सलियों की दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी ने यह वीडियो जारी किया है इसमें केंद्रीय नेतृत्व से लेकर जोन स्तर तक के मृत नक्सलियों का जिक्र हैं साथ ही गाने के माध्यम से उन्हें श्रद्धांजलि दी और बदला लेने की बात की है। इस वीडियो में नक्सलियों ने अपने सेंट्रल कमेटी मेंबर, डीवीसीएम, पीपीसीएम, एसीएम सदस्यों की तस्वीरें भी जारी की है।

अंदरूनी इलाकों में सुरक्षाबलों ने तेज की सचिंर्ग, बड़ी संख्या में जवान तैनात : सुकमा एसपी किरण चव्हाण व सीआरपीएफ डीआईजी आनन्द सिंह राजपुरोहित ने बताया कि नक्सलियों के शहीदी सप्ताह को देखते हुए सड़क से लेकर अंदरूनी इलाको तक डीआरजी, कोबरा सीआरपीएफ व एसटीएफ के जवान तैनात किये गये हैं और लगातार सचिँग किया जा रहा है। गौरतलब है कि नक्सल संगठन द्वारा हर वर्ष 28 जुलाई से 3 अगस्त तक शहीदी सप्ताह मनाया जाता है जिसमें वे मारे गए सक्रिय नक्सल सदस्यों की स्मृति में स्मारक निर्माण, बैनर-पोस्टर लगाने के अलावा जनसभाएं आयोजित करते है।

### देशभक्ति रचनाएं ...

और सरस्वती वंदना से हुई। सरस्वती वंदना का बालिका कु. आराध्या मिश्रा ने सुन्दर पाठ किया। रचनाकारों ने अपनी कविताओं के माध्यम से देश के वीर सैनिकों को नमन किया और शहीदों को श्रद्धांजलि दी।

### लामनी रेलवे क्रासिंग ....

बताया कि आधा घंटा से ज्यादा हो गया है, हम ना आगे बढ़ पा रहे हैं, ना ही पीछे जा सकते हैं। दोनों तरफ गाड़ियों की कतारें लगी है। दरअसल इस क्रॉसिंग को लेकर लंबे समय से ओवरब्रिज की मांग की जा रही है। यह मार्ग नेशनल हाईवे को जोड़ता है और यही रास्ता हैदराबाद, बीजापुर, दंतेवाड़ा और रायपुर जैसे प्रमुख शहरों को जोड़ता है लेकिन बार-बार उठाई जा रही मांग के बावजूद आज तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

## खबर संक्षेप

### अध्यक्ष ओमप्रकाश व उपप्रांत अध्यक्ष भागचंद बनाए गए



**बस्तर।** छग राजस्व पटवारी संघ का प्रांतीय कार्यकारिणी का गठन हेतु प्रांतीय बैठक मनेन्द्रगढ़ चिरमिरी में प्रान्त अध्यक्ष भागवत कश्यप द्वारा रखा गया था। छग के विभिन्न जिलों से पदाधिकारी का गठन किया गया। जिसमें उपप्रांत अध्यक्ष भागचंद कश्यप एवं संभाग अध्यक्ष ओम प्रकाश चंदेल को बनाए गए।

### विधायक ने शोक संवेदना व्यक्त की



**घाटलोहंगा।** बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल कोलचूर व करपावंड में दुःखद कार्यक्रम में पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त किया। बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल को जैसे ही ग्राम पंचायत कोलचूर एवं करपावंड में दुःखद समाचार की जानकारी मिली, वे तुरंत कार्यकर्ताओं के साथ वहां पहुँचे। विधायक ने शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर अपनी गहरी संवेदना प्रकट की और इस कठिन समय में धैर्य बनाए रखने की अपील की। उन्होंने परिजनों को हरसंभव सहयोग का आश्वासन भी दिया। इस दौरान उनके साथ बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्त्ता जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे, जिन्होंने भी परिजनों को ढांढस बंधाया और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

### नवीन भर्ती एनसीसी के छात्रों का स्वास्थ्य परीक्षण



**बस्तर।** सोमवार को स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी व अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बस्तर में नवीन भर्ती एनसीसी के लिए मेडिकल टीम उप स्वास्थ्य केंद्र बस्तर द्वारा छात्र-छात्राओं का मेडिकल ब्लड जांच कराया गया, जिसमें प्राचार्य मनोज सिंह, एनसीसी अधिकारी रितेश कुमार बघेल, डॉ. छबि कुमार नेताम, डॉ. प्रिया कौशल, राजकुमार, चेतन दीवान, पंचमी यादव मेडिकल टीम उक्त कार्य में कर्मचारी उपस्थित रहे।

### सावन झुला कार्यक्रम में महिलाओं का सम्मान



**जगदलपुर।** श्रावण मास के अवसर पर ग्राम कवि आसना में माता रूपशीला महिला रामायण मंडली के अध्यक्ष महेश्वरी ठाकुर एवं सचिव देषा ठाकुर सहित समस्त सदस्यगण द्वारा श्रावण उत्सव के शुभ अवसार पर कुर्सी दौड़,फैषन वाक,क्वीज खेल,जलेबी दौड़,रस्सी खीच आदि प्रतियोगिता आयोजित किया गया। इस अवसर पर उर्मिला पानीग्राही, उषा तिवारी,देषा ठाकुर,भुतेषश्वर पाण्डे, जमुना तिवारी व मड़ली के महिला सदस्य गण सम्मिलित रहे।

# माहवारी एक सामान्य जैविक प्रक्रिया है जिससे डरने या शर्माने की आवश्यकता नहीं

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बीजापुर

स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत एसबीआई संजीवनी क्लिनिक ऑन व्हील्स एसबीआई फाउंडेशन, वित्तपोषित एवं शिखर युवा मंच, बिलासपुर द्वारा संचालित टीम ने बीजापुर ब्लॉक के ग्राम कोयाईटपाल में एक विशेष स्वास्थ्य एवं स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्कूली बच्चों और किशोरी बालिकाओं को व्यक्तिगत स्वच्छता, स्वास्थ्य सुरक्षा और मासिक धर्म संबंधी जागरूकता प्रदान करना था।



एसबीआई संजीवनी की टीम ने विद्यार्थियों को हाथ धोने की सही विधि बताई जैसे साबुन लगाना, उंगलियों के बीच सफाई, नाखूनों की सफाई आदि का डेमोंस्ट्रेशन दिया। बच्चों ने सक्रिय रूप से भाग लेते हुए हाथ धोने की प्रक्रिया को दोहराया। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को ब्रश, कोलगेट, साबुन और जीभी से युक्त व्यक्तिगत स्वच्छता किट प्रदान की गई ताकि वे स्वच्छ आदतों को अपने दैनिक जीवन में अपनाएं। विद्यालय परिसर में किशोरी बालिकाओं के लिए एक संवेदनशील एवं सूचनात्मक सत्र आयोजित किया गया। इसमें बालिकाओं को बताया गया कि माहवारी एक सामान्य जैविक प्रक्रिया है जिससे डरने या शर्माने की आवश्यकता नहीं है। उन्हें यह भी समझाया गया कि इस दौरान स्वच्छता कैसे बनाए रखें, कितनी बार पैड बदलें और संक्रमण से कैसे बचें। टीम के डॉक्टर एवं स्टाफ ने बालिकाओं के प्रश्नों के सहज एवं सहानुभूति पूर्ण तरीके से उत्तर दिए। सत्र के अंत में सभी किशोरी बालिकाओं को मुफ्त सैनिटरी पैड वितरित किए गए।

कार्यक्रम के समापन अवसर पर विद्यालय के प्रधानपाठकों एवं शिक्षकों ने एसबीआई फाउंडेशन, शिखर युवा मंच एवं एसबीआई संजीवनी टीम के प्रति आभार व्यक्त किया।

प्रधानपाठक एनके कश्यप, कामेश्वर डब्बा और संजीता पुजारी ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम न केवल बच्चों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हैं, बल्कि उन्हें व्यवहारिक समाधान भी प्रदान करते हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन होता रहेगा, जिससे विद्यार्थियों के समग्र विकास को बल मिलेगा। यह पहल ग्राम कोयाईटपाल में स्वास्थ्य और स्वच्छता के क्षेत्र में एक प्रेरणादायक कदम सिद्ध हुई। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से एनके कश्यप, उमेश कुमार पैकरा, कामेश्वर डब्बा, कोडे बुच्चा राव, संजीता पुजारी, कुसुम सहित एसबीआई संजीवनी टीम मुकेश मानिकपुरी, डॉ. माधुरी ठाकुर, सुश्री जयश्री सेंगम, सुश्री मनोरमा उसेंडी, सिध मौर्य, सियाराम कुड़ियम उपस्थित थे।

## सक्षम के विशेष बच्चों से मिले जिला पंचायत अध्यक्ष

# बच्चों संग खेला टेबल टेनिस, जाना हाल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दंतेवाड़ा

जावंगा एजुकेशन सिटी में स्थित सक्षम वन जो विभिन्न प्रकार के दिव्यांग बच्चों को शिक्षा, कौशल और आत्मनिर्भरता की दिशा में सशक्त बनाने हेतु समर्पित है का निरीक्षण जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी द्वारा किया गया।

- शारीरिक सीमाएं कभी भी आत्मबल की सीमा नहीं बन सकतीं : मुड़ामी

इस संस्थान में दृष्टिबाधित, श्रवण बाधित, चलने-फिरने में असमर्थ तथा अन्य प्रकार के विशेष दिव्यांग बच्चे अध्ययनरत हैं। निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष ने बच्चों के क्लास रूम, छात्रावास, भोजन व्यवस्था व खेल सामग्री का अवलोकन किया और बच्चों से आत्मीय संवाद भी किया। निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष ने बच्चों के साथ



टेबल टेनिस खेला और उनके कौशल की सराहना करते हुए कहा कि शारीरिक सीमाएं कभी भी आत्मबल की सीमा नहीं बन सकतीं। आप सभी बच्चे प्रेरणास्त्रोत हैं।

### पेंटिंग की सराहना

बच्चों द्वारा बनाई गई पेंटिंग्स को देखकर अध्यक्ष ने विशेष सराहना की। उन्होंने कहा कि बच्चों की कल्पनाशक्ति और रचनात्मकता अत्यंत प्रभावशाली है और उनके द्वारा बनाई गई चित्रकला समाज को एक नई दृष्टि देती है। उन्होंने शिक्षकों से आग्रह किया कि ऐसे रचनात्मक प्रयासों को आगे और प्रोत्साहित किया जाए।

### स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान

अध्यक्ष ने संस्थान के स्टाफ को निर्देशित किया कि हर 15 दिन में अनिवार्य रूप से सभी बच्चों की स्वास्थ्य जांच कराई जाए और उसका रिकार्ड नियमित रूप से संधारित किया जाए। साथ ही भोजन की गुणवत्ता पर भी विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। बच्चों ने जिला पंचायत अध्यक्ष एवं अन्य जनप्रतिनिधियों को अपने बीच पाकर अत्यंत खुशी जताई यह दृश्य भावनात्मक और उत्साहवर्धक था।

जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी ने कहा, सक्षम जैसे संस्थान हमारे जिले की गरिमा हैं। जिला पंचायत की ओर से बच्चों को आगे बढ़ाने के हर प्रयास को निरंतर सहयोग मिलेगा, ताकि ये बच्चे आत्मनिर्भरता, आत्मसम्मान और आत्मबल के साथ समाज की मुख्यधारा में आगे बढ़ सकें। निरीक्षण कार्यक्रम में कई प्रमुख जनप्रतिनिधि, अधिकारी भी उपस्थित रहे जिनमें नगर पंचायत अध्यक्ष रजनीश सुराना, सांसद प्रतिनिधि नवीन विश्वकर्मा,खंड शिक्षा अधिकारी तथा बीआरसी जितेंद्र चौहान, श्याम सिंह ठाकुर, मंडल उपाध्यक्ष सुजीत सिंह ठाकुर, पूर्व जिला पंचायत सदस्य संगीता नेताम, मंडल महामंत्री अजय अवस्थी प्रमुख रहे।

### समावेशी पाठ्यक्रम, कंप्यूटर, पेंटिंग, घुड़सवारी

बच्चों को सामान्य शिक्षा के साथ-साथ कंप्यूटर शिक्षा, पेंटिंग, और विशेष रूप से घुड़सवारी हॉर्स राइडिंग जैसे अनुपम कौशल भी सिखाए जा रहे हैं। 23 विद्यार्थी गुड सवारी की प्रशिक्षण ले रहे हैं, निरीक्षण के दौरान दो प्रिंस और दिनेश विद्यार्थियों से मुलाकात हुई जिन्होंने घुड़सवारी में राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कार जीते, दिनेश को मुख्यमंत्री जी द्वारा पंख आवर्ड से सम्मानित किया गया जो इस संस्थान की गुणवत्तापूर्ण और समग्र शिक्षा प्रणाली को दर्शाता है।

# प्राण न्योछावर करने वाले सभी वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की



हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोंटा

लम्बे समय से कोंटा विकासखंड मुख्यालय में सेवा दे रही सीआरपीएफ 217वीं बटालियन परिचालन रेंज कोंटा डीआईजी मुख्यालय में सीआरपीएफ स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। वाहिनी ने मुख्यालय कोन्टा प्रांगण में 87वां स्थापना दिवस इस अवसर पर राजेश पांडे पुलिस उप महानिरीक्षक परिचालन रेन्ज कोन्टा और विजय शंकर कमांडेन्ट 217 बटा. ने देशहित के लिए प्राण न्यौछावर करने वाले सभी वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस अवसर पर राजेश पांडे, पुलिस उप महानिरीक्षक परिचालन रेन्ज कोन्टा ने स्पेशल गार्ड से सलामी ली और केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के स्थापना दिवस की शुमकामनाएं देते हुए तथा बल के इतिहास और बल के महत्व के बारे में उपस्थित अधिकारीगण, अधिनस्थ अधिकारीगण और जवानों के साथ साझा किया तथा सभी जवानों को बल के लिए अच्छा कार्य करने व प्रशिक्षण कौशल को बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर नीर सिंह मीणा द्वि. कमा अधिकारी, पार्थ सारथी साहू उप कमाण्डेन्ट, सौरभ कुमार सिंह उप कमाण्डेन्ट, डॉ. मंदीप सिंह एसएमओ तथा डी. राजा इलमपरिती सहा. कमाण्डेन्ट, अधीनस्थ अधिकारीगण एवं जवान शामिल हुए ।

# अब कोई स्टूडेंट नहीं कहलाएगा बैक बेंचर, यू शेप में होगी बैठने की व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बकावंड

सरकारी हो या निजी स्कूल, हर जगह प्रायः यही देखने सुनने में आता है कि तेज बच्चों को तो क्लास रूम में सबसे सामने बिठाया जाता है और पढ़ाई में कमजोर अथवा थोड़ा खुराफाती किस्म के बच्चों को सबसे पीछे वाली बेंचेस या कुर्सियों में बिठा दिया जाता है। अब शिक्षा में यह कुशासन बंद हो रहा है और साय का सुशासन नजर आने लगा है। अब होशियार बच्चे या टीचर कमजोर बच्चों को बैक बेंचर कहकर उनका मनोबलनहीं गिरा पाएंगे, क्योंकि अब कोई



विद्यार्थी बैक बेंचर रहेगा ही नहीं। अब सारे बच्चे यू शेप की टेबल कुर्सियों में बैठकर पढ़ाई करेंगे। स्कूलों के होशियार विद्यार्थी और बड़े घरों के बिगड़े नवाबजादे अंतिम कक्षा की पंक्ति में बैठने वाले बच्चों को बैक बेंचर कहकर चिढ़ाते और प्रताड़ति करते हैं। इससे उन बच्चों का मनोबल टूटता है और वे हीन भावना का शिकार हो जाते हैं। मगर अब कोई भी बच्चा नहीं रहेगा बैक बेंचर। विकासखंड बकावंड के उलनार के डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल में ग्रीष्म अवकाश के बाद नए सत्र में यू शेप में बैठक व्यवस्था करवाई गई है। दरअसल एंगेज 360 एक समग्र शिक्षा दृष्टिकोण है जो छात्रों के शैक्षिक अनुभव को बेहतर बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इसे छात्रों के परिवेश, साथियों के साथ बातचीत, विषयों की प्रासंगिकता और पाठों की संवादात्मक प्रकृति को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। इसमें छात्रों के अकादमिक विकास के साथ-साथ उनके सामाजिक, भावनात्मक और शारीरिक कल्याण पर भी ध्यान केंद्रित किया गया है। यह छात्रों की व्यक्तिगत आवश्यकताओं, प्राथमिकताओं और सीखने की शैलियों को समझने पर जोर देने वाला जरिया भी है। यह शिक्षण प्रक्रिया जैसे कक्षा में सीखना, प्रौद्योगिकी का उपयोग और वास्तविक जीवन के अनुभव को एकीकृत करता है। एंगेज 360 का उद्देश्य छात्रों को एक आकर्षक और सहायक शिक्षण वातावरण प्रदान करना है जो उनकी सीखने की जरूरतों को पूरा करता है और उन्हें सफलता की ओर ले जाता है। उलनार स्थित डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल ने भी प्राचार्य मनोज शंकर के मार्गदर्शन में यह अनोखी पहल की गई है, जिसमें छात्रों की बैठने की व्यवस्था को बदलकर यू आकृति में किया गया है। इस नई व्यवस्था का उद्देश्य सभी छात्रों को समान अवसर प्रदान करना और उनकी शैक्षिक प्रगति में सुधार करना है। स्कूल में छात्रों की मेज तीन तरफ दीवार से लगाई है जबकि शिक्षक कक्षा के बीच में या सामने बैठकर पढ़ाई करा रहे हैं। शिक्षक अब छात्रों की आवश्यकताओं और सीखने की शैलियों पर अधिक ध्यान दे सकते हैं।

# कलेक्टर, एसपी और नागरिकों ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दंतेवाड़ा

जिला प्रशासन एवं इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में आज जिला चिकित्सालय दंतेवाड़ा में मेगा ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया। इस विशेष आयोजन में जिले के वरिष्ठ अधिकारियों, सुरक्षाबलों, जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

- जिला चिकित्सालय में मेगा ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन

इस अवसर पर कलेक्टर कुणाल दुदावत, पुलिस अधीक्षक गौरव राय, जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा सहित सीआरपीएफ एवं डीआरजीएफ के जवानों, जिला स्तरीय अधिकारियों, कर्मचारियों और स्वास्थ्य विभाग के अमले ने मानव सेवा के इस



पुनीत कार्य में हिस्सा लेते हुए रक्तदान किया। इस अवसर पर कलेक्टर कुणाल दुदावत ने कहा, रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा आयोजित इस मेगा ब्लड डोनेशन कैंप में जिलेवासियों की सराहनीय भागीदारी देखने को मिली है। एक घंटे के भीतर 30 यूनिट रक्त एकत्र किया गया, जो एक सकारात्मक संकेत है। जिले में दुर्घटनाओं, प्रसव एवं अन्य आपात चिकित्सा स्थितियों में रक्त की आवश्यकता होती है, ऐसे में इस तरह के रक्तदान शिविर अत्यंत उपयोगी सिद्ध होते हैं। मैं सभी नागरिकों से अपील करता हूँ कि आगे भी रक्तदान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें। रक्तदान पूरी तरह सुरक्षित है और जरूरतमंदों को जीवनदान देने का सबसे सरल माध्यम है।

पुलिस अधीक्षक गौरव राय ने कहा, ब्लड डोनेशन एक स्वस्थ और नेक कार्य है। इस शिविर में सीआरपीएफ एवं डीआरजीएफ के जवानों ने भी सहभागिता दिखाई, जो यह दर्शाता है कि समाज के हर वर्ग को इस प्रकार के मानवीय कार्यों में भाग लेना चाहिए। यह न सिर्फ दूसरों के लिए लाभकारी है, बल्कि रक्तदाता के स्वास्थ्य के लिए भी अच्छा है।

जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा ने कहा, ब्लड बैंक में पर्याप्त रक्त की उपलब्धता जिला अस्पताल के लिए अत्यंत सहायक सिद्ध होती है। विशेषकर ऐसे मरीजों के इलाज में, जिन्हें नियमित रूप से रक्त की आवश्यकता होती है, ब्लड बैंक में संग्रहित रक्त अत्यधिक उपयोगी होता है। इस मेगा ब्लड डोनेशन कैंप में सीएमएचओ अजय रामटेके, सिविल सर्जन डॉ. अभय तोमर, डीपीएम प्रतीक सोनी, स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टर एवं पैरामेडिकल स्टाफ सहित रेड क्रॉस सोसाइटी के सदस्यगण उपस्थित रहे।

## ई-ऑफिस के माध्यम से चलेंगी फाइलें

**सुकमा।** राज्य शासन के निर्देशानुसार शासकीय कार्यों में फाइलों का संधारण एवं कार्यालय द्वारा किये जाने वाले समस्त पत्राचार ई-ऑफिस के माध्यम से किया जा रहा है। जिसके परिपालन में कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने सर्व कार्यालय प्रमुख को निर्देशित किया है कि वे आज से ही कार्यालयीन फाइलों का संधारण एवं कार्यालय द्वारा किये जाने पत्राचार ई-ऑफिस के माध्यम से करना सुनिश्चित करेंगे। प्रारंभिक चरण में सर्वप्रथम आपके द्वारा किये जाने वाले कार्यालयीन पत्राचारों को ई-ऑफिस के माध्यम से करना प्रारंभ करेंगे। ई-ऑफिस की कार्यवाही में निरंतरता पश्चात कार्यालय प्रमुख सभी कार्यालयीन नस्तियों का संधारण एवं कार्यालय द्वारा किये जाने वाले पत्राचार ई-ऑफिस के माध्यम से ही करना सुनिश्चित करेंगे।

# जवाहर नवोदय विद्यालय का शिक्षक भोपाल संलग्न

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

पीएमश्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय की प्रभारी प्राचार्य इति मरावी ने जारी प्रेस विज्ञप्ती में बताया कि 21 जुलाई को रात्रि 9.30 बजे बिजली गुल होने से छात्रों ने नाचते गाते शोरगुल

- शाला का गेट खोलकर सुरक्षाकर्मी से धक्का मुक्की करने पर भय का माहौल
- प्राचार्य ने कलेक्टर को घटना से अवगत कराया

किया था। जिसपर शिक्षक सौरभ अवस्थी ने छात्रो को मना किया । कुछ देर चुप रहने के बाद छात्र पुनः हो हल्ला करने लगे। इस पर शिक्षक ने बच्चो के पास रखे प्लास्टिक के वाइपर से मारा। उसके बाद हॉस्टल से बाहर आकर बच्चो ने हंगामा किया।प्राचार्य ने कहा कि घटना में किसी भी बच्चे को गंभीर चोट नही आयी है और ना ही कोई हास्पीटल में भर्ती है। भोपाल से आए प्रतिनिधी जांच किए है। वहीं शिक्षक को भोपाल संलग्न किया गया है।

उन्होंने कहा कि 25 जुलाई को शाम 6 बजे कुछ असामाजिक तत्व गेट खोलकर घुस आए और नारेबाजी कर सुरक्षाकर्मी से धक्का मुक्की किया। इससे विद्यार्थी और कर्मचारियों में भय का माहौल है। घटना से कलेक्टर को अवगत कराया गया है। प्राचार्य के मुताबिक सभी शैक्षणिक एवं अन्य गतिविधियां जारी है।

# राज्यसभा में अब उठेगा पोलावरम बांध मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोंटा

आज दिल्ली में राज्यसभा सांसद से प्रदेश कांग्रेस सचिव दुर्गेश राय ने मुलाकात कर पोलावरम बांध से संबंधित विषयों को संज्ञान में लाया। राज्यसभा सांसद फूलोदेवी नेताम से दोरला समाज की पीड़ा और विस्थापन को लेकर विस्तार से जानकारी दी। रॉय ने पारंपरिक और पुरातन जनजाति के अस्तित्व को संकट में होने की जानकारी देते हुए अपनी चिंता जाहिर की।

ज्ञात हो कि बहुउद्देशीय पोलावरम बांध के निर्माण होने के बाद इसके डूबान क्षेत्र में आने वाले दोरला समाज के हजारों परिवारों को विस्थापन किया जाना है। इसकी लड़ाई एवं मांग समय-समय पर राजनितिक दलों के लोग अपने अपने तरीके से उठा रहें है और कई प्रदर्शन भी अंतर्राज्यीय सीमा



क्षेत्र ओड़िशा आंध्रप्रदेश छत्तीसगढ़ में विगत कई वर्षों से जारी है। विस्थापन योजना व मुआवजे को लेकर डूबान परिवारों के बीच में कई भ्रांतियां असमंजस के रूप में बनी हुई है। प्रभावितों को समुचित मुआवजा नही मिलने तथा इन राज्यों इस सीमावर्ती क्षेत्र में शिक्षा रोजगार और आवास जैसी बुनियादी सुविधाओं का घोर अभाव होने के साथ जनजातीय संस्कृति भाषा और परंपरा पर भी खतरा मंडराने को लेकर सांसद नेताम से मिलकर संज्ञान में लाया गया है । कांग्रेस सचिव दुर्गेश राय से मिली जानकारी अनुसार इस पर राज्यसभा सांसद मामले को राज्यसभा में उठाने का आश्वासन दिया है और केंद्र सरकार से जवाब मांगने तथा दोरला समाज की आवाज को राष्ट्रीय मंच देने की बात कही है।

## लोगों की समस्याओं से रूबरू होंगे हरीश

**सुकमा।** पिछले दो सालों में लोगों की समस्याएं बढ़ गई है, ग्रामीणों का कोई काम नहीं हो रहा है। आए दिन ग्रामीणों की शिकायते आ रही है, साथ ही क्षेत्रीय विधायक कवासी लखमा की अनुपस्थिति में उनके बेटे हरीश कवासी जनता के बीच जाऐंगे और उनकी समस्याओं से रूबरू होंगे। हर महीने में पांच दिन विभिन्न गांवों का दौरा करेंगे और नियद माटा हरीश त संग कार्यक्रम के तहत ग्रामीणों से मुलाकात करेंगे। साथ ही ग्रामीणों की समस्याओं से जिला प्रशासन को अवगत कराऐंगे। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश कवासी ने बताया कि जब से प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी है तब से ग्रामीण इलाकों की समस्याएं बढ़ गई है। ग्रामीणों की छोटी-छोटी समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा है। क्षेत्रीय विधायक कवासी लखमा की अनुपस्थिति में ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा है इसलिए में हर महीने पांच गांवों का दौरा करूंगा। नियद माटा हरीश त संग कार्यक्रम के तहत गांव का दौरा किया जाएगा। वहां के वरिष्ठजनों से मुलाकात की जाऐंगी। साथ ही गांव के लोगों की समस्याओं से रूबरू होंगे। उसके बाद उन समस्याओं का समाधान करने के लिए शासन-प्रशासन को अवगत कराऐंगे। उन्होंने बताया कि सुकमा जिले में विकास ठप्प हो गया है। शासन की कोई भी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति को नहीं मिल रहा है। वही सत्तापक्ष के जनप्रतिनिधि जनता की सुध नहीं ले रहे है। युवाओं के पास रोजगार नहीं है, खेती-किसानी कर रहे किसानों के पास खाद् की कमी है ऐसी कई समस्याएं है जिसे शासन-प्रशासन के सामने लाने की जरूरत है। इसलिए महिने में पांच दिन तक गांव-गांव का दौरा कर ग्रामीणों की समस्याओं से रूबरू होंगे और समाधान कराने की कोशिश करेंगे।



**नायब तहसीलदार लिंक कोर्ट बेनूर, जिला नारायणपुर**

रा.प्र.क्र./202506170500001/अ-21(1)/2025

**:: उदघोषणा-पत्र ::**

एतद् द्वारा समस्त निवासियों को सूचित किया जाता आवेदक फगनू, सगनू पिता बालसिंह जाति गोड़, निवासी आलनार, तहसील कोहकामेटा, जिला नारायणपुर छ.ग. द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि आवेदकगण फगनू, सगनू दोनों पिता बालसिंह के नाम पर ग्राम रेमावण्ड प.ह.न. 9 रेमावण्ड में खसरा नंबर 310 रकबा 2.020 हेक्टेयर कृषि भूमि संयुक्त खाता में अंकित है। आवेदकगण का निवास स्थान ग्राम आलनार तहसील कोहकामेटा, जिला नारायणपुर है, उक्त भूमि को उनके करीबी रिश्तेदार श्री लालसाय सलाम पिता सुखराम सलाम वर्षो एवं वर्तमान में भी कश्त करता है। उक्त भूमि उनके पिता बालसिंह के मृत्युपरांत विरासतन हक में प्राप्त हैं आवेदकगण के पिता को उक्त भूमि सन 1984-85 में शासन के बीस सूत्रीय कार्यक्रम के अन्तर्गत प्राप्त हुई थी। आवेदकगण को रूपयों की आवश्यकता पड़ने के कारण भूमि क्रेता श्री लालसाय सलाम पिता सुखराम सलाम, निवासी रेमावण्ड, तहसील व जिला नारायणपुर को विक्रय करने अनुमति हेतु कलेक्टर महोदय के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है, जो जांच हेतु प्राप्त हुआ है। जिसकी सुनवाई तिथि 08/08/2025 को इस न्यायालय में नियत है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से सुनवाई दिनांक को या इसके पूर्व उपस्थित होकर न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 25/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया जाता है।

मुहर

**नायब तहसीलदार**
**लिंक कोर्ट बेनूर**

इंडियन नर्सिंग कौंसिल एवं छ.ग. नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल से मान्यता प्राप्त
पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त

**बी.एस.सी. नर्सिंग**
(04 वर्षीय पाठ्यक्रम)



प्रवेश योग्यता : बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण बायोलॉजी विषय

नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण (शासन के नियम अनुसार स्कॉलरशिप की सुविधा)

**रिलायंस इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग**
रायपुर रोड, ग्राम - लिमतरा, धमतरी
जिला - धमतरी (छ.ग.)
9300696600, 9300407100

खबर संक्षेप

### कांवड़ यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं का महापौर ने धोए पैर



**जगदलपुर।** तीसरे सावन सोमवार को कुम्हारपारा के अंजनेश्वर महादेव मंदिर में शिव भक्तों ने जलाभिषेक किया। इंद्रावती नदी से जल लाकर शिवलिंग पर चढ़ाया और पूजा अर्चना की । इस मौके पर महापौर संजय पाण्डे ने कांवड़ यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं का पैर धुलाकर व पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

### बिसरूराम वर्मा को शोक सभा में दी श्रद्धांजलि



**जगदलपुर।** बस्तर अंचल के वरिष्ठ पत्रकार एवं बस्तर जिला पत्रकार संघ के पूर्व कोषाध्यक्ष संतोष वर्मा के पिता बिसरु राम वर्मा के निधन पर शोक सभा में श्रद्धांजलि दी गई। आज बस्तर जिला पत्रकार संघ कार्यालय में संतोष वर्मा को पितृशोक पर संवेदना व्यक्त करते हुए दो मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इस अवसर पर संघ के सदस्यगण मौजूद रहे।

# आदेश के बाद भी शासकीय महाविद्यालयों के प्राचार्यों ने अतिथि व्याख्याताओं को नहीं दी ज्वाइनिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बस्तर

छत्तीसगढ़ के विभिन्न महाविद्यालयों में अतिथि व्याख्याताओं की ज्वाइनिंग प्रक्रिया चर्चा में है। शासन द्वारा जारी निर्देश के बावजूद महाविद्यालयों के प्राचार्यों द्वारा अलग-अलग नियम और शर्तें बताए जाने से अतिथि व्याख्याताओं में असमंजस की स्थिति है। ज्वाइनिंग के लिए पहुंचे कई व्याख्याताओं को अलग-अलग अनुभवों से गुजरना पड़ रहा है।

कहीं तत्काल ज्वाइनिंग तो कहीं इंतजार करना पड़ रहा है। रायपुर ,बिलासपुर,दुर्ग एवं सरगुजा संभाग के कालेजों में अतिथि व्याख्याताओं को नियुक्ति दी जा रही है वही बस्तर संभाग के महाविद्यालय में प्राचार्य अगस्त माह में ज्वाइनिंग कराने की बात कह कर अतिथि व्याख्याताओं को वापस भेज रहे है जिसे लेकर अतिथि व्याख्याताओं में रोष देखा जा रहा है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश के शासकीय महाविघालयों में सहायक प्राध्यापक, प्रोफेसर, क्रिड़ाअधिकारी एवं ग्रंथपाल के रिक्त पद के विरूध्द अतिथि व्याख्याता , अतिथि क्रिड़ाअधिकारी एवं अतिथि ग्रंथपाल की नियुक्ति अतिथि व्याख्याता नियम 2024 के नियम एवं मापदण्डों के अनुसार किए जाने की आदेश आयुक्त उच्च शिक्षा संचनालय रायपुर से प्रदेश के महाविद्यालयों के प्राचार्यो को 23 जुलाई को जारी किया है।

## प्राचार्यों की उदासीनता से शिक्षित बेरोजगारों मे हताशा

### अगस्त में ज्वाइनिंग देने कह रहे प्राचार्य

बस्तर संभाग के पात्र अतिथि व्याख्याताओं का कहना कि वे लोग अपने अपने महाविघालय में उपस्थित होकर आयुक्त कार्यालय के आदेश का हवाला देते हुए प्राचार्य से ज्वाइनिंग कराने का निवेदन किया तो प्राचार्य ने उन्हें महाविद्यालय में अभी प्रवेश कार्य चल रहा है, इसलिए आप लोगों को अगस्त माह से ज्वाइनिंग कराएंगे बोल कर वापस भेज दिया है। शासकीय काकतीय पीजी कालेज धरमपुरा , शा. दंतेश्वरी पीजी महिला महा. ,शा. कला एवं वाणिज्य कन्या महा. रायपुर ऐसे कालेज हैं जहां अतिथि व्याख्याताओं को ज्वाइनिंग नही दिया है ।




### राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लेकर गंभीर नही

अतिथि व्याख्याताओं का कहना है कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लेकर न शासन गंभीर है और न ही महाविघालयों के प्राचार्य। अतिथि व्याख्याता नियम 2024 के प्रावधानों के अनुसार अतिथि व्याख्याताओं को 11 माह सेवा देने का है। लेकिन शासन व प्राचार्य दोनों अतिथि व्याख्याताओं की सेवा अवधि में कटौती के फिराक में रहते हैं।जिसका नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन में दुष्प्रभाव पड़ना लाजमी है।

## होनहार विद्यार्थियों, खिलाड़ियों और गुणीजनों का हुआ सम्मान

# प्रतिभाओं के सम्मान से दूसरों को मिलती है प्रेरणा : किरण देव

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

होनहार विद्यार्थियों, खिलाड़ियों एवं सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों का सम्मान रविवार को दीनदयाल उपाध्याय वार्ड में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व

■ दीनदयाल उपाध्याय वार्ड में सम्मान समारोह का आयोजन

विधायक किरण सिंह देव ने किया। उन्होंने कहा कि प्रतिभाओं का सम्मान होना चाहिये। इससे अन्य लोगों को भी अच्छा कार्य करने की प्रेरणा मिलती है।

पंजाब सनातन भवन में आयोजित वार्ड रत्न सम्मान समारोह में दीनदयाल उपाध्याय वार्ड के प्रतिभावान छात्रों व निवासियों को सम्मानित किया गया। किरण सिंह देव ने अच्छे कार्यक्रम के लिये पार्षद सुरेश गुप्ता की प्रशंसा की। जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय ने वार्ड रत्न से सम्मानित जनों को शुभकामनायें दी। पार्षद ने कहा कि वार्ड वासियों के सहयोग से वार्ड क्षेत्र में निरंतर रचनात्मक कार्य होते हैं। वार्ड के गुणीजनों का सम्मान वार्ड रत्न में किया जा रहा है।

मुथैयाई चैम्पियनशिप छत्तीसगढ़ में स्वर्ण पदक विजेता आरती अवस्थी, युवराज सिंह, मेधावी विद्यार्थी रेखा निषाद, सौम्या झा, ललिता चाण्डक,मन्नत झा, प्रेरक झा, संजय राव, महेश यादव, विजय झा, अंजू राय, श्याम बिहारी मालवीय, नरसिंह सेठिया, जगतपाल सिंह चौहान का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन योगेश ठाकुर व आभार प्रदर्शन सुनील जैन ने किया।



### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर नारायण चांडक, शशांक श्रीवास्तव, सूर्य भूषण सिंह, पुष्प लता सेठिया, प्रेम आचार्य, विवेक झा, आशा राव, सुनील गिरधर, गोकुल साव,कपिल सोनी, शेखर साव, मनीष निषाद, धनिता साहू, अभिषेक अवस्थी सहित बड़ी संख्या में वार्ड वासी व गणमान्य जन उपस्थित रहे।

# भूतेश्वर महादेव की पालकी यात्रा का भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया शानदार स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

तृतीय सावन सोमवार को शहर में निकाली गयी। भूतेश्वर महादेव की भव्य पालकी यात्रा का भाजपा परिवार ने श्रीराम चौक स्टेट बैंक के समीप स्वागत किया। जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय सहित जिला एवं पूर्वी व पश्चिमी मण्डल के पदाधिकारियों व कार्यकतार्ओं ने पालकी यात्रा में सहभागी बन कर बाबा भोलेनाथ का आशीर्वाद पाया। इस अवसर पर महापौर संजय पांडे, सभापति खेम सिंह देवांगन, योगेंद्र पांडे, मनोहर दत्त तिवारी, आर्यन सिंह आर्य, नगर मंडल पश्चिम प्रकाश झा, नगर मंडल पूर्वी अविनाश श्रीवास्तव, नगर मंडल पश्चिम महामंत्री द्वय अतुल सिम्हा, संजय चंद्राकर, उपाध्यक्ष द्वय शशि नाथ पाठक, सुधा मिश्रा, सोशल मीडिया प्रभारी ब्रिजेश शर्मा, महिला मोर्चा ममता राणा, लक्ष्मी कश्यप, अलका सेंगर, आशा साहू, उर्मिला यादव, पूनम सिन्हा, त्रिवेणी रंधारी, रोशन सिसोदिया, गायत्री कश्यप, गोदावरी साहू, रेखा सिंह, प्रेम सेठिया, विक्रम यादव, चिंटू श्रीपाल, विक्रम सिंह यादव, रोहित त्रिवेदी, राजेश श्रीवास्तव, सतीश सेठिया, योगेश



मिश्रा, हरिश पारेख, पिंटू साव, बाबुल नाग, दिगंबर राव, सूरज श्रीवास्तव, योगेश मिश्रा एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### कांग्रेस परिवार ने किया स्वागत

**जगदलपुर।** बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य के निर्देश पर शहर कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं द्वारा भूतेश्वर महाकाल की भव्य पालकी यात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। इस शुभ अवसर पर लता निषाद, जाहिद हुसैन,हनुमान द्विवेदी, रविशंकर तिवारी,विक्रम सिंह डांगी, प्रशांत जैन, सुषमा सुता,निकेत झा,विजेंद्र ठाकुर, अनुराग महतो,पार्षद सूर्या पानी,लोकेश चौधरी, जस्टिन भवानी,शुभम यदु,ललिता राव,एस नीला,आभास महंती,सायमा अशरफ, कमला भत्रा मौजूद रहे।



## तीसरे सावन सोमवार को शिवालयों में शिव पूजा के लिए जुटे श्रद्धालु



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

दुरुस्त ग्राम जेबेल से छिंदगांव तक कावंड़ियों ने जल लेकर जलाभिषेक के लिए कावड़ यात्रियों पदयात्रा कर शिवमन्दिर पहुंचे। सावन के तीसरे सोमवार को जेबेल

■ विहिप और बजरंग दल के तत्वावधान में जेबेल से छिंदगांव तक निकली कांवड़ यात्रा

में पहली बार ग्राम छिंदगांव तक स्थानीय ग्रामीण शिवभक्त शिव जी को जल चढ़ाया गया। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के तत्वाधान में लगातार तीसरे कावड़ यात्रा में बड़ी संख्या में महिला बच्चों ने स्थानीय जेबेल से बहने वाली मार्कण्डेय नदी के तट से जल लेकर लगभग 4 किलोमीटर दूर पदयात्रा करते छिंदगांव स्थित शिव मंदिर में जलाभिषेक किया। महिला बच्चे कावड़ियों के द्वारा पूरे पदयात्रा में बोलबम और जय भोले नाथ के जयकारे लगाते चल रहे थे। शिव की भक्ति में उमड़े कांवड़ियों को यात्रा को लेकर जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। जेबेल के मार्कण्डेय नदी से ग्राम के मुख्य मार्ग से होते हुए यात्रा निकाली गई। कांवड़ियों का जगह जगह पुष्प वर्षा भी की गई। इस दौरान पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जबिता मंडावी किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष अर्जुन पांडे, मंडल महामंत्री विषम ठाकुर, मोहित पांडे, हेमलाल सूर्यवंशी, कुमारी देवांगन, रवीना यादव, ममता यादव पिटाई बाई व अन्य उपस्थित रहे।कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी ग्रामवासी का पूर्ण सहयोग देखने को मिला। छिंदगांव मंदिर प्रांगण में कावड़ यात्रियों के लिए भंडारे की समुचित व्यवस्था की गई थी। जिसके लिए जय प्रकाश गुप्ता, सरपंच बघेल, धनंजय गुप्ता, नरसिंह बघेल, बाल सिंग बघेल, रामसिंह नेताम व अन्य की ओर से भंडारे की समुचित व्यवस्था की गई थी।

# तीसरे सोमवार को शिवालयों में श्रद्धालुओं की लगी कतार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

सावन माह के तीसरे सोमवार को शिवालयों में भक्तों की कतार लगी रही। भक्तों ने मनोकामना पूर्ती के लिए शिवलिंग पर जल, दूध, गंगाजल, बेलपत्र, धतूरा आदि अर्पित कर अभिषेक किया।

मान्यता है कि शिव अभिषेक से जीवन के संकट दूरे होते है और

■ जल, दूध, गंगाजल, बेलपत्र, धतूरा आदि अर्पित कर किया गया अभिषेक

देवाधिदेव महादेव की कृपा प्राप्त होती है। श्रावण मास का प्रत्येक सोमवार भगवान शिव की आराधना के लिए अत्यंत शुभ माना गया है। श्रावण मास के तीसरे सोमवार को भी श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर जल, दूध, गंगाजल, बेलपत्र, धतूरा आदि अर्पित कर अभिषेक किया। धार्मिक मान्यता है कि इस दिन शिव का अभिषेक करने से जीवन के समस्त संकट स्वतः ही दूर हो जाते हैं।

सावन के तीसरे सोमवार को शिवालयों में आस्था और भक्ति श्रद्धालुओं में देखी गई। रही। सुबह से ही स्थानीय शिवालयों में शिव भक्तों की भीड़ जुटने लगी थी। शहर तथा ग्रामीण क्षेत्रो के शिवालयों में भक्त अपनी बारी का इंतजार करते हुए देवों के देव महादेव का श्रध्दा भाव से जलाभिषेक किया।

शहर के प्राचीन महादेवघाट मंदिर, सीताराम शिवालय, प्रतापदेव स्थित शिवालय, पुलिस लाइन शिव मंदिर, लालबाग शिव मंदिर, धरमपुरा स्थित झाड़ेश्वर मंदिर, चित्रकोट स्थित शिव मंदिर,बोधघाट स्थित शिव मंदिर समेत अन्य शिव मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालु फूल प्रसाद, बेलपत्र, धतूरा का चढ़ावा कर जल व दूध से भगवान शिव का जलाभिषेक किया। शहर के प्राचीन लक्ष्मीनारायण मन्दिर परिसर स्थित भूतेश्वर महादेव मंदिर में सावन के तीसरे सोमवार को विशेष पूजा अर्चना किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु श्रृंगार दर्शन, आरती उपरांत प्रसाद के लिए अपनी बारी का इंतजार करते रहे। इस दौरान कावड़ियों ने महादेव घाट स्थित इंद्रावती नदी से जल लेकर शिवालयों में शिव का अभिषेक किया।





### जलाभिषेक करने से शिव होते है तृप्त

ब्राम्हणपारा महादेवघाट निवासी पडिंत श्रीनिवास दास ने बताया कि वे बारह मास शिव की आराधना करते है लेकिन सावन के सोमवार में शिवलिंग पर जल या दूध अर्पित करना मात्र एक कर्मकांड नहीं, बल्कि आत्मिक शुद्धि और मानसिक शांति की साधना है। उन्होंने कहा कि शास्त्रों में उल्लेख मिलता है कि श्रावण मास में भगवान शिव स्वयं पृथ्वी पर विचरण करते हैं और ऐसे में जलाभिषेक करने से शिव तृप्त होते हैं और अपने भक्तों को संतान, स्वास्थ्य, धन, सौभाग्य एवं मोक्ष का आशीर्वाद प्रदान करते हैं। अभिषेक का जल न केवल शिव को शीतलता प्रदान करता है बल्कि यह क्रिया भक्त के मन के ताप, चिंता और नकारात्मक ऊर्जा को भी शांत करती है।

## डीजे की धुन पर कांवड़ यात्रा निकली...



**जगदलपुर।** रुद्रांश सेवा समिति का भव्य कांवड़ यात्रा प्रति वर्ष की भांती इस वर्ष भी निकाली गई । जिसमें गाते बजाते डीजे की धुन पर समस्त भक्त झूमते हुए सम्मिलित हुए। यात्रा गोरिया बहार जलाशय से प्रारंभ होकर ढालेश्वर महादेव मंदिर हल्बा कचौरा में दर्शन कर एकान्तेश्वर मंदिर सुलियागुडा कुरंदी जंगल में समाप्त हुआ। अंत में भंडारा कर कार्यक्रम का समापन हुआ।

## जर्जर भवनों की मरम्मत पर दें विशेष ध्यान : कुंजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा

जिला स्तरीय शिक्षा समिति की बैठक की अध्यक्षता जिला पंचायत उपाध्यक्ष एवं सभापति जिला शिक्षा समिति महेश कुंजाम ने की। बैठक में जिला पंचायत सदस्य लीना ओयाम और सोयम भीमा उपस्थित रहे। बैठक में शिक्षा विभाग की योजनाओं और योजनाओं के क्रियान्वयन के बारे में समीक्षा की गई। जिला शिक्षा अधिकारी जीआर मंडावी के द्वारा जिले के स्कूलों में चल रहे निर्माण कार्यों, स्कूलों की दर्ज संख्या, प्राप्त विभागीय बजट, कार्यरत और रिक्त शिक्षक पद एवं शिक्षा विभाग के विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। शाला त्यागी बच्चों को पुनः स्कूल में लाकर शिक्षा के मुख्य धारा में जोड़ने के लिए जनप्रतिनिधियों और समाज के प्रमुख व्यक्तियों के सहयोग पर चर्चा की गई। उन्होंने स्कूलों में



शिक्षा विभाग द्वारा बालिका सुरक्षा को लेकर मायद नूनी कार्यक्रम के बारे मे जानकारी दी। स्कूलों में शिक्षकों की उपस्थिति सुनिश्चित कर स्कूलों के संचालन के संबंध में चर्चा हुई। सदस्य सोयम भीमा ने से गगनपल्ली क्षेत्र के स्कूलों की मरम्मत की बात कही। कुंजाम ने हॉस्टल, आश्रम को शिफ्ट करने के बारे में चर्चा की। विभाग के साथ जनप्रतिनिधि समन्वय स्थापित करते हुए छात्रहित में काम करेंगे। बैठक में डीएमसी उमा शंकर तिवारी, जिला खेल अधिकारी विरूपाक्ष पौराणिक, एडीपीओ नारायण वर्मा, समस्त एपीसी, साक्षरता नोडल, समस्त बीईओ, बीआरसी एवं एबीईओ उपस्थित रहे।

कालड़ा बर्न एवं
प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
फेस लिफ्ट



■ बोटाक्स-फिलर
■ थ्रेड लिफ्ट
■ स्किन पॉलिशिंग
■ लेज़र फेशियल
Ajay Advt.
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060

### शिवभक्ति में सराबोर हुआ आकाश नगर

# नर्मदेश्वर मंदिर में सजी भक्ति की सुरमयी संध्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

राजीव गांधी वार्ड के आकाश नगर स्थित श्री नर्मदेश्वर शिव मंदिर में सावन के पावन अवसर पर रविवार को दिव्य और भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया। पूरे वातावरण में ॐ नमः शिवाय की गूंज सुनाई दी और श्रद्धालुओं की भक्ति लहरों में डूबा मंदिर परिसर आध्यात्मिक ऊर्जा से भर उठा । इस आयोजन की प्रस्तुति श्री नर्मदेश्वर जननी जन-कल्याण समिति द्वारा की गई, जिसका उद्देश्य न केवल धार्मिक आस्था को प्रोत्साहित करना था, बल्कि सामाजिक एकता और संस्कृति को जीवंत बनाए रखना भी था। कार्यक्रम का शुभारंभ मां बमलेश्वरी, मां दंतेश्वरी एवं माता महामाया के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन कर किया गया। वार्ड की महिलाओं ने मधुर स्वर में स्वागत गीत प्रस्तुत कर भक्ति की रसधारा बहाई। इसके पश्चात गणेश वंदना से भजन संध्या की विधिवत शुरूआत हुई। पवन म्यूजिकल ग्रुप द्वारा प्रस्तुत भजनों ने जैसे ही मंदिर परिसर में गूंजना शुरू किया, श्रद्धालुओं की भीड़ झूम उठी। दीपक वाधवानी, रिक्की, अनुब्रत राय, तरुण पानी और वंदना पॉल की सुरीली प्रस्तुतियों ने उपस्थित भक्तों को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। भजनों की धुन पर छोटे-बड़े सभी भक्त भावविभोर होकर थिरकते रहे। कार्यक्रम में बस्तर जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य, डॉ. सुषमा झा, मनोज पाणिग्रही सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।अपने संबोधन में सुशील मौर्य ने कहा धार्मिक आयोजन न केवल आस्था को सुदृढ़ करते हैं,बल्कि समाज में संस्कारों की नींव भी मजबूत करते हैं। आज की युवा पीढ़ी को ऐसे आयोजनों से जोड़ना समय की मांग है। समिति के संरक्षक एच.बी. सिंह ने जानकारी दी कि मंदिर का प्राण-प्रतिष्ठा समारोह इसी वर्ष फरवरी की महाशिवरात्रि पर सम्पन्न हुआ था, और तब से यह मंदिर सतत जनकल्याणकारी एवं सांस्कृतिक आयोजनों का केंद्र बन गया है।

उन्होंने बताया कि पूरे सावन मास में मंदिर में विशेष पूजा, भजन संध्या, शिव महिमा कथाएं एवं रुद्राभिषेक जैसे आयोजन होंगे, जो भक्तों के आध्यात्मिक उत्थान में सहायक होंगे।



### ये रहे मौजूद

आयोजन को सफल बनाने समिति अध्यक्ष मिलकेतन पटेल,सचिव खगेंद्र ठाकुर,अन्य सदस्यगण रवि नाग, गजेंद्र त्रिपाठी, एम. पी. दुबे, ननकु गुप्ता, राजेंद्र राजपूत, प्रभात सोनी, सचिन मालवीय, रुपेश सिंह, अर्जुन गुप्ता, महेश द्विवेदी, सुनील शर्मा, अनिल वाबखड़े, आदर्श वानखड़े, विशाल दुबे, मोनू सिंह, सरोज सोनी, चंद्रकांता ठाकुर, किरण नाग, संतोषी पटेल, अंजू सिंह, कविता महापात्र, वीणा मानखेडे, नम्रता बघेल, पूनम शर्मा, पूजा सिंह, प्रिया साहू, दिव्या खत्री, प्रियंका गुप्ता, नीला बती नाग महत्वपूर्ण भूमिका रहीं । वाद्ययंत्र संचालन पवन खत्री, संगीत प्रस्तुति पवन म्यूजिकल ग्रुप की रहीं।

online Booking:-www.tripuryatra.com




11 सितंबर, 3 अक्टूबर, 13 नवंबर,
18 दिसंबर, 24 दिसंबर 2025 (10 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप)
माँ मनोकामना देवी, पशुपतिनाथ , जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान),
पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक),
राशि:-स्लीपर 13,500/- , 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 25,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411